(श्री सहजानंद स्वामी लिखित)

çàæÿææÐ~æè

(नित्य नियम सहित)

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री
१००८ श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीनी
आज्ञाथी

प्रकाशक :
महंत स्वामी
श्री स्वामिनारायण मंदिर,
कालुपुर, अहमदाबाद-३८० ००१.

प्रकाशक
स्कीम कमिटी वती
महंत स्वामी
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी

मूल्य : रु। ७-००

तृतीय संस्करण

नकल : १०००

मुद्रक : श्री स्वामिनारायण प्रिन्टिंग प्रेस
श्री स्वामिनारायण मंदिर,
कालुपुर, अहमदाबाद-३८० ००१.

अनुक्रमणिका

क्रम	विगत	पेज नंबर
१.	शिक्षापत्री	१
२.	गणपति की आरती	६४
३.	हनुमानजी की आरती	६५
४.	आरती	६६
५.	धून	६७
६.	श्री राधिकाकृष्णाष्ट	६८
७.	प्रार्थना	६९
८.	थाळ	७२
९.	मुखवास	७४
१०.	चेष्टा के पदो	७५
११.	संध्या आरती	१०५
१२.	राग - बिहाग	१०६
१३.	राग गरबी पद	१०६
१४.	एकादशी के पद	१०७
१५.	प्रेमानंद स्वामी के कीर्तनो	११३
१६.	ब्रह्मानंद स्वामी के कीर्तनो	११८
१७.	मुक्तानंद स्वामी के कीर्तनो	१२२
१८.	काफी पद-१	१३०
१९.	भक्तकवि नरसिंह के कीर्तनो	१३२
२०.	जेराम भक्त के कीर्तनो	१३४
२१.	मावदान के कीर्तनो	१३७
२२.	धीरुभा के प्रभातियुं	१४१
२३.	स्वयंप्रकाश के कीर्तनो	१४२
२४.	गोपाल भक्त के कीर्तनो	१४३
२५.	भक्तकवि वसंत के कीर्तनो	१५१
२६.	देवानंद स्वामी के कीर्तनो	१५४
२७.	प्रीतम के कीर्तनो	१६१
२८.	श्री नारायणकवचम् मंत्र	१६४
२९.	जनमंगल स्त्रोत्र	१७१
३०.	श्री हनुमत्स्तोत्रम्	१७६

मंगलाचरण

मंगल मूर्ति महा प्रभु, श्री सहजानंद सुखरुप,
भक्ति धर्मसुत श्रीहरि, समरुं सदाय अनुप,
परम कृपाळु छो तमे, श्रीकृष्ण सर्वाधीश,
प्रथम तमने प्रणमुं, नमुं वारंमपार हुं शीश.

अवतीर्य निजाक्षरात्परादिह मूर्त्या बदरीवनेस्थितिः ।
भुविभारत जीवशर्मणे नरनारायण देव पाहि माम् ॥१॥
यदुपर्य भवत्कृपातव स नरो दुष्टु महार्हतिक्षणम्० ।
न परः सुरसत्तमोऽन्यथा नरनारायण० ॥२॥
प्रथितं च बृहद्व्रतं त्वया जनताया निजधामलब्धये ।
अवबोधनम् उत्तमं भुवि नरनारायण० ॥३॥
जगतो जननं हि पालनं प्रलयं चापि करोषि नित्यदा ।
रजसा तमसा च सत्त्वतो नरनारायण० ॥४॥
ऋषि रुपधरं तपश्चरं ह्यवमन्येत कदापि कश्चन ।
स भवेत्सततं च नारकी नरनारायण० ॥५॥
तव मूर्तिरियं सुखात्पये जनताया, कलितापशान्तये ।
मरणस्य जयाय नित्यदा नरनारायण० ॥६॥

जगदन्यतनुस्तथावितुं धरसि त्वं य युगेयुगेऽद्यवै ।
हरिकृष्ण तनु स्त्वयाधृता नरनारायण० ॥७॥
विधि शंभुमुखामर व्रजश्चरणौते सततं समर्थति ।
परमादरतश्च चिंतति नरनारायण देव पाहि माम्० ॥८॥

विश्वेश छो सकळ विश्व तणा विधाता,
दाता तमे सकळ मंगळ शांतिदाता,
माटे तमारुं करुणानिधि सत्य नाम,
साष्टांग नाथ तमने करुं हुं प्रणाम.
अज्ञानपाश करुणा करी कापी नाखो,
नित्ये प्रभु तव पदे मम वृत्ति राखो,
भक्तोनुं पालन करो प्रभु सर्व याम्,
साष्टांग नाथ तमने करुं हुं प्रणाम.

जे उत्पत्ति तथा स्थिति लय करे वेदो स्तुति उच्चरे, जेना रोम सुछिन्द्रमां अणुसंमा ब्रह्मांड कोटी फरे, माया काळ रवि शशी सुरगणो आज्ञा न लोपे क्षण, एवा अक्षरधामना अधिपति श्री स्वामिनारायण

॥ श्री स्वामिनारायणो विजयतेतराम ॥

श्री शिक्षापत्री

अपने सत्संगीजनोंके प्रति शिक्षापत्री लिखते हुए भगवान श्री सहजानंद स्वामी, प्रथम अपने इष्टदेव श्री कृष्ण भगवान का ध्यान रुप मंगलाचरण करते हैं –

"जिनके वामभागा में राधिकाजी विराजमान और जिनके वक्षःस्थल में लक्ष्मीजी विद्यमान तथा जो वृन्दावन विहारी है, ऐसे भगवान श्रीकृष्ण का हम अपनें हृदय में ध्यान करते हैं ॥१॥

वड़ताल गाँव में निवास करने वाले हम (सहजानन्द स्वामी) विभिन्न देशों में निवास करनेवालें हमारे आश्रित सभी सत्संगोजनोंके प्रति शिक्षापत्री

लिखते हैं ॥२॥

(हमारे) पिता श्री धर्मदेव से हैं जन्म जिनका, ऐसे जो हमारे भाई रामप्रतापजी तथा ईच्छारामजी, उनके पुत्र अयोध्याप्रसादजी तथा रघुवीरजी (जिन्हें हमने अपने दत्तक पुत्र मानकर सभी सत्संगीजनों के आचार्य पद पर स्थापित किये हैं ।) ॥३॥

तथा हमारे आश्रित जो मुकुंदानन्दजी आदि नैष्ठिक ब्रह्मचारी एवं हमारे आश्रित मयाराम भट्ट आदि जो गृहस्थ सत्संगी ॥४॥

तथा हमारे आश्रित जो सधवा तथा विधवा स्त्रीयाँ तथा मुक्तानन्दजी आदि सर्व साधुजन ॥५॥

वे सभी, अपने धर्मकी रक्षा करनेवाले शास्त्रसम्मत एवं श्रीमन्नारायणकी स्मृति सहित हमारे

शुभ आशीर्वादों को वाँचे ॥६॥

इस शिक्षापत्री लिखने का जो उद्देश्य हैं, उसको सर्व एकाग्र मन से धारण करें । यह शिक्षापत्री जो हमने लिखी है, वह सर्व जीवों का हित करनेवाली है ॥७॥

श्रीमद् भागवत पुराण आदि सत्शास्त्रों द्वारा जीवों के कल्याण के लिए प्रतिपादित अहिंसा आदि सदाचारों का जो लोग पालन करते हैं, वे इस लोक में तथा परलोक में उत्तम सुखको प्राप्त करते हैं ॥८॥

और उनसदाचारों का उल्लंधन करके जो मनुष्य मनमाना आचरण करते हैं, वे कुबुद्धिवाले हैं और इस लोक में तथा परलोक में निश्चय ही बडे कष्ट को प्राप्त करते है ॥९॥

इसलिये हमारे शिष्य, ऐसे आप लोग,

प्रीतिपूर्वक इस शिक्षापत्री के अनुसार ही निरंतर सावधान होकर आचरण करें परंतु इस शिक्षापत्री का उल्लंघन कदापि न करे ॥१०॥

अब हम उस आचरण की रीति बतलाते हैं- कि जो हमारे सत्संगीजन हैं वे कदापि किसी भी जीव-प्राणी मात्रकी हिंसा न करें और जान बूझकर जूँ, खटमल, चांचड आदि सूक्ष्म जीवोंकी भी हिंसा कभी न करें ॥११॥

देवयाग तथा पितृयाग के लिए भी बकरी, हिरन्, खरगोश, मच्छली आदि कीसी भी जीव की हिंसा न करें, क्योंकि सभी शास्त्रों में अहिंसा कोही परम धर्म कहा गया हैं ॥१२॥

स्त्री, धन तथा राज्यकी प्राप्ति के लिए भी किसी मनुष्य कीं हिंसा तो किसी भी प्रकार से

कदापि न करें ॥१३॥

तीर्थस्थानमें भी आत्महत्या न करें, तथा क्रोधावेशमें भी आत्महत्या न करें, यदि कोई अनुचित आचरण हो जाय तो उससे खिन्न होकर भी आत्मघात न करें, तथा जहर खाकर, गलेमें फंदा डालकर, कुएमें गिरकर या पर्वत पर से कूद कर, इत्यादि किसी भी प्रकार से आत्महत्या न करें ॥१४॥

माँस यज्ञ का शेष हो तो भी, आपत्काल में भी कभी न खायें और तीन प्रकारकी शराब तथा ग्याहरह प्रकारके मद्य देवताका नैवेध्य होने पर भी न पीयें ॥१५॥

अपने से कुछ अनुचित आचरण हों जाने पर अथवा किसी अन्य से अनुचित आचरण हो जाने पर क्रोधावेश में शस्त्रादि से अपने अगं का तथा दूसरे

के अंगोका छेदन न करें ॥१६॥

हमारे सत्संगी धार्मिक कार्य के लिए भी कभी चोर का कर्म न करें, तथा दूसरोंकी मालिकी के काष्ठ, पुष्प आदि चींजे भी उनकी (मालिक की) आज्ञा के बिना न लें ॥१७॥

हमारे आश्रित पुरुष तथा स्त्रीयाँ व्यभिचार न करें, जुआ आदि व्यसनों का त्याग करें, भांग, चरस तथा अफीण आदि नशीली चीजों का पान वा भक्षण भी न करें ॥१८॥

और जिसके हाथ से पकाया गया अन्न तथा जिसके पात्र का जल अग्राह्य हो उसका पकाया हुआ अन्न तथा उसके पात्र का जल श्रीकृष्णभगवानकी प्रसादी या चरणामृत के माहात्म्य से भी जगन्नाथपुरी के अलावा अन्य

स्थान पर ग्रहण न करें, जगन्नाथपुरी में जगन्नाथजी का प्रसाद लेने में कोई दोष नहीं है ॥१९॥

अपने स्वार्थकी सिद्धि के लिए भी कीसी के उपर मिथ्या अपवाद का आरोप न करें तथा किसी को गाली तो कभी न दें ॥२०॥

देवता, तीर्थ ब्राह्मण, पतिव्रता, साधु और वेद इनकी निन्दा कदापि न करें तथा न सुनें ॥२१॥

जिस देवता के आगे मदिरा तथा मांस का नैवेद्य होता हो तथा जिस देवताके आगे बकरें आदि जीवोंकी हिंसा होती हो, उस देवता का नैवेद्य न खायें ॥२२॥

रास्ते में चलते समय शिवालयादि जो देवमंदिर आवें, उनको देखकर नमस्कार करें और आदरपूर्वक उन देवों का दर्शन करें ॥२३॥

अपने अपने वर्णाश्रम के धर्म का कोई भी सत्संगी त्याग न करें तथा पर धर्मका आचरण न करें तथा पाखंड धर्मका आचरण न करें तथा कल्पित धर्मका आचरण न करें ॥२४॥

जिसके बचन सुनने से श्रीकृष्ण भगवान् की भक्ति और अपना धर्म, इन दोनों से पतन हो, उसके मुख से भगवान् की कथावार्ता भी न सुनें ॥२५॥

जिस सत्य वचन बोलने से अपना तथा अन्य का द्रोह हो, ऐसा सत्यवचन कदापि न बोलें और कृतघ्नीके संग का त्याग करें तथा व्यवहारकार्यमें किसी से घूस–रिश्वत न लें ॥२६॥

चोर, पापी, व्यसनी, पाखंडी, कामी तथा कीमिया आदि क्रियाओं द्वारा लोगोंको ठगनेवाले धूर्त, इन छः प्रकारके मनुष्यों का संग न करें ॥२७॥

जो मनुष्य भक्तिका अथवा ज्ञान का आलंबन लेकर स्त्री, द्रव्य तथा रसास्वाद में अत्यंत लोलुप होकर पाप कर्म में प्रवृत्त हों, ऐसे मनुष्योंका समागम न करें ॥२८॥

जिन शास्त्रोमें श्रीकृष्ण भगवान् तथा श्रीकृष्ण भगवान् के वाराहादिक अवतारों का युक्तियों द्वारा खण्डन किया गया हो, ऐसे शास्त्रों को कदापि न मानें और न सुनें ॥२९॥

बिना छना हुआ जल तथा दूध न पियें, तथा जिस जल में अनेक सूक्ष्म जंतु हो, वैसे जल से स्नानादि क्रिया न करें ॥३०॥

जो औषधि मदिरा या मांस से युक्त हो उसका सेवन कदापि न करें और जिस वैद्य के आचरण को न जानते हौ उसकी दी हुई औषधि का

भी कदापि सेवन न करें ॥३१॥

लोक तथा शास्त्रों द्वारा मलमूत्र करने के लिए वर्जित जीर्ण देवालय, नदी तालाबके घाट, मार्ग, बोए हुए खेत, वृक्ष की छाया, फूलवारी, तथा बगीचे इत्यादि स्थानोमें कदापि मलमूत्र न करें तथा थूके भी नहीं ॥३२॥

चोर मार्ग से प्रवेश न करें तथा बाहर भी न निकलें तथा मालिकी युक्त स्थान में उसके मालिक से पूछे बिना निवास न करें ॥३३॥

हमारे सत्संगी पुरुषमात्र, स्त्रियोंके मुख से ज्ञानोपदेश न सुनें तथा स्त्रियों के साथ विवाद न करें तथा राजा के साथ एवं राजपुरुषों के साथ भी कभी विवाद न करें ॥३४॥

गुरु, अत्यंत श्रेष्ठ मनुष्य समाज में प्रतिष्ठा

सम्पन्न मनुष्य, विद्वान तथा शस्त्रधारी मनुष्य, इनका अपमान न करें ॥३५॥

विचार किये बिना शीध्र कोई भी व्यावहारिक कार्य न करें लेकिन धार्मिक कार्य तो तत्काल करें तथा स्वयं जो विद्याभ्यास किया हो उसे दूसरोंको पढावें तथा प्रतिदिन सन्त समागम करें ॥३६॥

गुरु, देव तथा राजा इन तीनों के दर्शनार्थ जाते समय खाली हाथ से न जाय, किसी से विश्वासघात न करें और अपने मुख से अपनी प्रशंसा न करें ॥३७॥

जिस वस्त्रको पहनने पर भी अपने शरीरके अवयव दिखाई पडे, ऐसे दूषित वस्त्र को हमारे सत्संगी कभी धारण न करें ॥३८॥

धर्म के रहित श्रीकृष्ण भगवानकी भक्ति

सर्वथा न करें तथा अज्ञानी मनुष्यों की निन्दा के भय से श्रीकृष्ण भगवान् की सेवा का त्याग न करें ॥३९॥

प्रतिदिन तथा उत्सव के दिन श्रीकृष्ण भगवान के मंदिर में आये हुए सत्संगी पुरुष, मंदिरमें स्त्रियों का स्पर्श न करें तथा स्त्रियाँ पुरुष का स्पर्श न करें, मंदिर से बाहर निकलने के बाद अपनी अपनी रीति अनुसार रहें ॥४०॥

धर्मवंशी गुरु से जिन्होंने श्रीकृष्ण की दीक्षा प्रापत की है, ऐसे ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य इन तीनो वर्णो के हमारे सत्संगी जन निरंतर गले में तुलसी की दोहरी माला धारण करें तथा ललाट, हृदय एवं दो हाथ इन चारों स्थान पर उर्ध्वपुण्ड्र तिलक करें ॥४१॥

और वह तिलक गोपीचन्दन से करें अथवा भगवानकी पूजा से अवशिष्ट केसर-कुंकुमादिक से युक्त जों प्रसादी का चन्दन, उससे करें ॥४२॥

उस तिलक के मध्यमें ही गोपीचन्दन से तिलक द्रव्य से अथवा राधिकाजी एवं लक्ष्मीजी से प्रसादीभूत कुंकुम से गोल चन्द्रक करें ॥४३॥

अपने धर्म में रहते हुए जो श्रीकृष्ण भगवान के भक्त सत्शूद्र हैं, वे तो द्विजाति-ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं वैश्य के समान ही तुलसीकी माला तथा उर्ध्वपुणड्र तिलक धारण करें ॥४४॥

लेकिन उन सत्शूद्रो से, अतिरिक्त, जाति से कनिष्ठअसत्शूद्र जो भक्तजन हैं वे भगवान की प्रसादीभूत ऐसे चन्दनादिक काष्ठ की दोहरी माला कंठ में धारण करें तथा ललाट में सिर्फ गोल चन्द्रक

करें परन्तु तिलक न करें ॥४५॥

जिन ब्राह्मणादिकों को, त्रिपुंड्र करना तथा रुद्राक्ष की माला धारण करना, ये दो बातें अपनी कुलपरंपरा से प्राप्त हो, और वे ब्राह्मणादिक हमारे आश्रित बने हो तो भी वे त्रिपुंड्र तथा रुद्राक्ष का कदापि त्याग न करें ॥४६॥

नारायण तथा शिवजी उन दोनों में एकात्मता ही समझें क्योंकि वेदों में उन दोनों का ब्रह्मस्वरुप से प्रतिपादन किया गया है ॥४७॥

हमारे आश्रित मनुष्य शास्त्रों द्वारा प्रतिपादित आपद्धर्म को अल्प आपत्काल में प्रमुख रुप से कदापि ग्रहण न करें ॥४८॥

हमारे आश्रित सत्संगी प्रतिदिन सूर्योदय से पूर्व ही निद्रा का त्याग करें तथा श्रीकृष्ण भगवान्

का स्मरण करके शौचविधि आदि क्रिया करें ॥४९॥

तत्पश्चात् एक स्थान में बैठकर दन्तशुद्धि करें, बाद में पवित्र जल से स्नान करके धोये हुए दो वस्त्र-एक दोती तथा एक उत्तरीय धारण करें ॥५०॥

इसके बाद पवित्र पृथ्वी पर बिछाये हुए शुद्ध, दूसरे अपवित्र आसन से अस्पृष्ट तथा जिस पर अच्छी तरह से बैठा जा सके, ऐसे विस्तीर्ण आसन पर पूर्वाभिमुख अथवा उत्तराभिमुख बैठकर आचमन करें ॥५१॥

उसके बाद हमारे आश्रित सभी पुरुष गोल चन्द्रक सहित ऊर्ध्वपुंड्र तिलक करें और जो सधवा स्त्रियाँ हो वे अपने भाल पर कुंकुम का चन्द्रक करें ॥५२॥

विधवा स्त्रीयाँ हो वे अपने भाल में तिलक

न करें तथा चन्द्रक भी न करें । उसके बाद हमारे सत्संगी मन से कल्पित चन्दन पुष्पादि उपचारों द्वारा श्रीकृष्ण भगवानकी मानसी पूजा करें ॥५३॥

इसके बाद श्री राधाकृष्ण की चित्र-प्रतिमा का आदरपूर्वक दर्शन करके, नमस्कार करके अपनी शक्ति अनुसार श्रीकृष्णके अष्टाक्षर मन्त्रका जप करें और बाद में अपना व्यावहारिक कार्य करें ॥५४॥

और हमारे सत्संगी जनोंमें राजा अंबरीष के समान जो आत्मनिवेदी उत्तम भक्त हो वे भी पूर्वोक्त क्रमानुसार मानसी पूजा पर्यंत सभी क्रिया अवश्य करें ॥५५॥

वे आत्मनिवेदि भक्त पाषाण या धातु से निर्मित श्रीकृष्ण भगवान्की प्रतिमा का अथवा शालिग्राम का पूजन देशकालानुसार यथाशक्ति

उपलब्ध चन्दन, पुष्प, फलादि उपहारों से करें और बाद में श्रीकृष्ण भगवान से अष्टाक्षर मन्त्र का जप करें ॥५६॥

उसके बाद अपनी शक्तिके अनुसार श्रीकृष्ण भगवान्के स्तोत्र अथवा ग्रंथका पाठ करें और जो संस्कृत नहीं पढें है वे श्रीकृष्ण भगवान् का नाम कीर्तन करें ॥५७॥

तदनन्दर श्रीकृष्ण भगवान् को नैवेद्य अर्पण करके प्रसादीभूत अन्न का भक्षण करें तथा वे आत्मनिवेदी वैष्णव निरंतर प्रेमपूर्वक भगवान् की सेवा में तत्पर रहें ॥५८॥

निर्गुण अर्थात् माया के सत्वादिक तीन गुणों से रहित ऐसे जो श्रीकृष्ण भगवान, उसके सम्बन्ध से आत्मनिवेदी भक्तों की सभी क्रियाएं निर्गुण हो

जाती हैं । उसी कारण से आत्मनिवेदी भक्त निर्गुण कहे गये हैं ॥५९॥

ऐसे आत्मनिवेदी भक्त श्रीकृष्ण भगवान् को अर्पण किये बिना जल भी कदापि न पीयें और श्रीकृष्ण भगवान् को अर्पण किये बिना पत्र, कंद, फलादि चीजों का कदापि भक्षण न करें ॥६०॥

हमारें आश्रित सभी सत्संगीजन जब वृद्धावस्था से अथवा किसी भारी आपत्काल से असमर्थ हो जायें तब स्वयं से सेव्यमान जो श्रीकृष्ण का स्वरुप है, उसे अन्य भक्त को सौंपकर स्वयं अपनी शक्ति के अनुसार आचरण करें ॥६१॥

और धर्मवंश के आचार्य ने ही श्रीकृष्ण का जो स्वरुप सेवा के लिए दिया हो अथवा उस आचार्य से जिस स्वरुप की प्रतिष्ठा की हो उसी

स्वरुप की सेवा करें, इससे अतिरिक्त जो भी श्रीकृष्ण के स्वरुप हैं, वे केवल नमस्कार करने योग्य है, परंतु सेवा करने योग्य नहीं है ॥६२॥

हमारे सभी सत्संगीजन हमेशा सायंकाल भगवान्के मंदिर में जायँ और वहां (मंदिर में) श्रीराधिकापति भगवान श्रीकृष्ण के नामों का उच्च स्वर से कीर्तन करें ॥६३।.

और परम आदर से श्रीकृष्ण भगवान्की कथा वार्ता करें तथा सुनें । उत्सव के दिन विविध वाद्योंके साथ श्रीकृष्ण भगवान् का कीर्तन करें ॥६४॥

हमारे आश्रित सभी सत्संगी पूर्व कथनानुसार ही प्रतिदिन आचरण करें और अपनी बुद्धि के अनुसार संस्कृत एवं प्राकृत सद्ग्रन्थोंका अभ्यास भी करें ॥६५॥

जो मनुष्य जिन गुणों से युक्त हों उस मनुष्यको विचार करके वैसे ही कार्य में प्रेरित करें परन्तु उससे विपरीत जिस कार्य के लिए जो योग्य न हो उस कार्य के लिए उसे कदापि प्रेरित न करें ॥६६॥

जो अपने सेवक हों उन सभी की निरन्तर अपने सामर्थ्यानुसार अन्न वस्त्रादि द्वारा यथायोग्य संभावना करें ॥६७॥

जो पुरुष जिन गुणों से युक्त हो, उसे वैसे ही वचनों से देशकालानुसार यथायोगय संबोधित करें परन्तु अन्यथा संबोधित न करें ॥६८॥

विनयवान हमारे आश्रित सत्संगी जन, जब गुरु, राजा, अतिवृद्ध, त्यागी, विद्वान् तथा तपस्वी ये छः व्यक्ति पधारे तब सन्मुख उठना तथा आसन अर्पण करना तथा मधुर वाणी से संबोधित करना

इत्यादि सभी प्रकार से उनका सन्मान करें ॥६९॥

गुरु, देव तथा राजाके आगे तथा सभा में पैर पर पैर चढ़ाकर न बैठें और वस्त्र द्वार घुंटनोंको बाँधकर भी न बैठें ॥७०॥

हमारे आश्रित सभी सत्संगीजन अपने आचार्य के साथ कदापि विवाद न करें और अपनी शक्ति के अनुसार अन्न, धन वस्त्रादिक द्वारा उनकी पूजा करें ॥७१॥

हमारे आश्रित जो जन हैं वे अपने आचार्य का आगमन सुनकर आदर से उनके सन्मुख जायँ और वे जब गाँव से वापस पधारें तब गाँव की सीमा तक विदाई देने जायँ ॥७२॥

अधिक फलदायीं कार्य भी यदि धर्मरहित हो तो (उसको) कदापि न करें क्योंकि धर्म ही सभी

पुरुषार्थो को देनेवाले हैं । अतः किसी फलप्राप्ति के लोभ से धर्म का त्याग न करें ॥७३॥

पूर्वकालीन महापुरुषों ने भी यदि कभी अधर्म का आचरण किया हो तो उसको ग्रहण न करें किन्तु उन्होंने जो धर्माचरण किया हो उसी को ग्रहण करें ॥७४॥

किसी की भी गोपनीय बात को कहीं पर भी प्रकाशित न करें और जिसका जैसे सन्मान करना उचित हो उसका वैसे ही सन्मान करें परन्तु समदृष्टि से इस मर्यादा का उल्लंघन न करें ॥७५॥

हमारे सभी सत्संगी जन चातुर्मास में विशेष नियम धारण करें और जो असमर्थ हों वे केवल श्रावण मास में ही विशेष नियम धारण करें ॥७६॥

वे विशेष नियम कौन से हैं ? तो भगवान्की

कथाका श्रवण करना, कथा-वांचना, भगवान् के गुणोंका कीर्तन करना, पंचामृत स्नानादि द्वारा भगवान् की महापूजा करना, भगावान्के मंत्रका जप करना, स्तोत्रोंका पाठ करना, भगवान् की प्रदक्षिणा करना ॥७७॥

तथा भगवान्को साष्टांग नमस्कार करना ये आठ प्रकार के नियमों हमने उत्तम माने हैं, इनमें से किसी एक नियम की चातुर्मास में विशेषरुपसे भक्तिपूर्वक धारण करें ॥७८॥

सभी एकादशियों का व्रत तथा श्रीकृष्ण भगवान् के जन्माष्टमी आदि जन्मदिनों का व्रत आदरपूर्वक करें, तथा शिवरात्रि का व्रत भी आदरपूर्वक करें और उन व्रतों के दिन बडे उत्सव मनावें ॥७९॥

जिस दिन व्रत के निमित्त उपवास किया हो

उस दिन प्रयत्नपूर्वक दिवस की निद्रा का त्याग करें, क्योंकि जैसे मैथुन द्वारा मनुष्य के उपवास का भंग होता है वैसे ही दिवस की निद्रा से मनुष्य के उपवास का नाश होता है ॥८०॥

और सर्व वैष्णवों में श्रेष्ठ ऐसे जो श्रीवल्लभाचार्यजी, उनके पुत्र श्री विठ्ठलनाथजी ने जो व्रत एवं उत्सवो का निर्णय किया है ॥८१॥

उसी के अनुसार ही सभी व्रत एवं उत्सव मनाये जाय और उन्होंने श्रीकृष्ण की जो सेवारीति बताई हैं उसी को ही ग्रहण किया जाय ॥८२॥

हमारे सभी आश्रिति जन द्वारिका आदि तीर्थो की यात्रा अपने सामर्थ्यानुसार यथाविधि करें तथा अपनी शक्ति के अनुसार दीन जनों के प्रति दयावान बनें ॥८३॥

हमारे सभी आश्रित जन, विष्णु, शिव, गणपति, पार्वती तथा सूर्य इन पांचो देवों को पूज्यभाव से मानें ॥८४॥

यदि कभी भूत प्रेतादि का उपद्रव हो तो नारायणकवच का जप करें अथवा हनुमानजी के मंत्र का जप करें परन्तु इनके सिवा अन्य किसी भी क्षुद्र देवता के स्तोत्र या मंत्र का जप न करें ॥८५॥

सूर्य एवं चन्द्रका ग्रहण लगने पर हमारे सभी सत्संगी जन अन्य सभी क्रियाओं को तत्काल छोड़कर पवित्र होकर श्रीकृष्ण भगवान् के मन्त्रका जप करें ॥८६॥

और ग्रहण-मोक्ष होने पर वस्त्र सहित स्नान करके जो हमारे गृहस्थ सत्संगी हो, वे अपने सामर्थ्यानुसार दान करें, और जो त्यागी हों, वे

भगवान्की पूजा करें ॥८७॥

चारो वर्ण के हमारे सत्संगी, वे जन्म तथा मरण के सूतक का अपने अपने सम्बन्ध के अनुसार यथाशास्त्र पालन करें ॥८८॥

और जो ब्राह्मण वर्ण के है, वे शम, दम, क्षमा तथा संतोष आदि गुणों से युक्त हो तथा क्षत्रिय वर्णके हों, वे शूरवीरता एवं धैर्य आदि गुणों से युक्त हो ॥८९॥

जो वैश्यवर्ण के है वे खेती, वाणिज्य-व्यापार तथा महाजनी आदि वृत्तियों से युक्त हो, तथा शूद्र वर्ण के हों वे ब्रह्मणादि तीनों वर्णो की सेवा आदि वृत्तियों से अपना जीवन यापन करें ॥९०॥

और जो द्विज-त्रैवर्णिक हों, वे गर्भाधानादि संस्कार, आह्निक कर्म तथा श्राद्धकर्म, इन तीनों को

अपने-अपने गृह्यसूत्र के अनुसार तथा समय एवं धनसंपत्ति के अनुसार करें ॥९१॥

और यदि कभी जाने अथवा अनजाने कोई छोटा-बडा पाप हो जाये तो अपनी शक्ति के अनुसार उसका प्रायश्चित करें ॥९२॥

चार वेद, व्याससूत्र, श्रीमद्भागवत पुराण, महाभारत में स्थित श्रीविष्णुसहस्त्रनाम स्तोत्र ॥९३॥

श्रीमद्भगवद्गीता, विदुर-नीति, स्कंदपुराण के विष्णुखंड में कहा हुआ श्रीवासुदेवमहात्म्यय ॥९४॥

और धर्मशास्त्रों के अन्तर्गत याज्ञवल्कय ऋषि की स्मृति, ये आठ सच्छास्त्र हमें इष्ट हैं ॥९५॥

अपना हि चाहनेवाले हमारे सभी शिष्य, उन आठों सच्छास्त्रों को सुनें और हमारे आश्रित जो द्विज

हैं, वे उन सच्छास्त्रों को पढे, पढावे और उनकी कथा करें ॥९६॥

उन आठ सच्छास्त्रों में से आचार, व्यवहार तथा प्रायश्चित इन तीनों के निर्णय के लिए मिताक्षरा टीकायुक्त याज्ञवल्कय ऋषि की स्मृति को ग्रहण करें ॥९७॥

और उन आठ सच्छास्त्रों में जो श्रीमद् भागवत पुराण है, उसके दशम तथा पञ्चम, इन दो स्कंधो को श्रीकृष्ण भगवानका माहात्म्य जानने के लिए सबसे अधिक रुप से जानें ॥९८॥

दशमस्कंध, पंचमस्कंध तथा याज्ञवल्क्य ऋषिकी स्मृति ये तीनों क्रमशः हमारे भक्तिशास्त्र, योगशास्त्र एवं धर्मशास्त्र हैं । अर्थात् दशमस्कंध भक्तिशास्त्र है, पंचमस्कंध योगशास्त्र है तथा

याज्ञवल्कय ऋषिकी स्मृति धर्मशास्त्र है, ऐसा समझें ॥९९॥

श्रीरामानुजाचार्य द्वारा किया हुआ व्याससूत्र का श्रीभाष्य तथा श्रीभगवद्गीता का भाष्य, ये दोनों हमारे अध्यात्मशास्त्र हैं ॥१००॥

इन सभी सच्छास्त्रों मे जो वचन श्रीकृष्ण भगवान् का स्वरुप, धर्म, भक्ति तथा वैराग्य इन चारों का अत्यन्त उत्कर्ष बताते हैं ॥१०१॥

उन वचनोंको अन्य वचनों की अपेक्षा विशेषरुप से मानें । श्रीकृष्ण भगवान् की भक्ति धर्मपूर्वक ही करना ऐसा उन सभी सच्छास्त्रों का रहस्य हैं ॥१०२॥

और श्रुति एवं स्मृतियों द्वारा प्रतिपादित सदाचारोको धर्म समझना तथा श्रीकृष्ण भगवान् के

प्रति माहात्म्यज्ञान से युक्त अपार स्नेहको भक्ति समझना ॥१०३॥

श्रीकृष्ण भगवान् के बिना अन्य पदार्थो में प्रीति-आसक्ति न हो इसे वैराग्य समझें तथा जीव, माया और ईश्वर के स्वरुपको भलीभाँति जानना इसे ज्ञान समझें ॥१०४॥

अब जीवका लक्षण बताते हैं । जो जीव है, वह हृदय में रहा है, अणु समान अत्यन्त सूक्ष्म हैं, चैतन्यस्वरुप है, ज्ञाता है, अपनी ज्ञान, शक्ति द्वारा नख-शिख पर्यन्त अपने समस्त शरीर में व्याप्त हैं तथा अछेद्य, अभेद्य, अजर, अमर इत्यादि लक्षणों से युक्त हैं, इस प्रकार जीव को समझना ॥१०५॥

अब माया का स्वरुप बताते हैः - जो माया है, वह त्रिगुणात्मिका है, अन्धकार स्वरुप है,

श्रीकृष्ण भगवान् की शक्ति हैं तथा जीवको देह और देह संबंधी पदार्थो में अहं ममत्त्व उत्पन्न कराने वाली है - इस प्रकार मायाको समझना ॥१०६॥

अब ईश्वरका स्वरुप बताते हैं - जो ईश्वर है, वे जैसे जीव हृदय में रहा है, वैसे ही उस जीव में अन्तर्यामी रुप से रहे है, और स्वतन्त्र हैं तथा सर्व जीवों के कर्म फल प्रदाता हैं, इस प्रकार ईश्वरको समझना ॥१०७॥

ईश्वर कौन ? वे तो परब्रह्म पुरुषोत्तम ऐसे जो श्रीकृष्ण भगवान् हैं, वे ही ईश्वर हैं तथा वे श्रीकृष्ण हमारे इष्टदेव हैं और उपासना करने योग्य हैं और सर्व अवतारों के कारण हैं ॥१०८॥

समर्थ ऐसे वे श्रीकृष्ण भगवान् जब राधिकाजी के साथ हो तब 'राधाकृष्ण' कहलाते हैं तथा वे ही

जब रुक्मिणी स्वरुप लक्ष्मीजी से युक्त हों तब 'लक्ष्मीनारायण' कहलाते हैं ॥१०९॥

वे ही श्रीकृष्ण जब अर्जुन से युक्त हों तब उन्हें 'नरनारायण' नाम से जानना और वे ही श्रीकृष्ण जब बलभद्रादि के साथ हों तब उन-उन नामों से कहे जाते हैं ऐसे जानना ॥११०॥

वे राधादि भक्त कभी तो श्रीकृष्ण भगवान् के पार्श्व में रहते हैं, और कभी अत्यन्त स्नेह से श्रीकृष्ण भगवान् के अंग में लीन रहते हैं, तब तो श्रीकृष्ण भगवान् को अकेले ही समझना ॥१११॥

अतएव श्रीकृष्ण भगवान् के स्वरुपों में किसी भी प्रकार का भेद न समझें और चतुर्भुज, अष्टभुज, सहस्त्रभुज इत्यादि जो भेद मालूम पडते हैं, वे तो द्विभुज ऐसे श्रीकृष्ण की

ईच्छा से ही हैं, ऐसा समझें ॥११२॥

ऐसे जो श्रीकृष्ण भगवान् उनकी भक्ति पृथ्वी पर के सभी मनुष्य करें और उस भक्ति से अधिक कल्याणकारी कोई अन्य साधन नहीं है ऐसा जाने ॥११३॥

श्रीकृष्ण भगवान् की भक्ति तथा सत्संग करना यही विद्यादि गुणों से युक्त पुरुषों के गुणों का परम फल है, अन्यथा-भक्ति तथा सत्संग, इन दोनो के बिना तो विद्वान् भी अधोगति का प्राप्त करता है ॥११४॥

और श्रीकृष्ण भगवान् तथा उनके अवतार ध्यान करने योग्य हैं तथा उनकी प्रतिमा भी ध्यान करने योग्य हैं अतः उनका ध्यान करें परन्तु मनुष्य तथा देवादि जो जीव, वे तो श्रीकृष्ण -भगवान् के

भक्त हों तथा ब्रह्मवेत्ता हों तो भी ध्यान करने योग्य नहीं हैं, अतः उनका ध्यान न करें ॥११५॥

और अपने जीवात्माको स्थूल, सूक्ष्म तथा कारण, तीनों देह से विलक्षण समझकर ब्रह्मरुप से निरन्तर श्रीकृष्ण भगवान् की भक्ति करें ॥११६॥

और श्रीमद्भागवत पुराण के दशमस्कंध को आदरपूर्वक सुनें अथवा प्रतिवर्ष एकबार सुनें और जो पंडित हों वे उसका प्रतिदिन पाठ करें अथवा प्रतिवर्ष एक बार पाठ करें ॥११७॥

उस दशमस्कंध का पुरश्चरण अपनी शक्ति के अनुसार किसी पवित्र स्थान में करें, करावें तथा विष्णुसहस्त्र नाम आदि सच्छास्त्रों का पुरश्चरण भी अपनी शक्ति के अनुसार करें तथा करावें, यह पुरश्चरण अपने मनोवांछित फलको देने वाले हैं ॥११८॥

देव सम्बन्धी, मनुष्य सम्बन्धी तथा रोगादि सम्बन्धी कोईभी कष्टदायक आपत्ति आ पडे, तो अपनी और अन्य की रक्षा हो वैसा आचरण करें, किन्तु अन्यरीति से आचरण न करें ॥११९॥

और आचार, व्यवहार एवं प्रायश्चित इन तीनों बातों को देश, काल, अवस्था, द्रव्य, जाति और शक्ति के अनुसार जानें ॥१२०॥

हमारा मत विशिष्टाद्वैत है, हमारा प्रिय धाम गोलोक है, और उस धाम में ब्रह्मरुप से श्रीकृष्ण भगवान् की सेवा करना उसी को हमने मुक्ति मानी हैं, ऐसा समझें ॥१२१॥

वें पूर्वोक्त सभी धर्म, हमारे आश्रित त्यागी तथा गृहस्थ-स्त्री पुरुष-सभी सत्संगीजनों के सामान्य धर्म है, अर्थात् सभी सत्संगीजनों द्वारा समानरुप से

पालनीय हैं और अब इन सभीके विशेष धर्मोको पृथक्-पृथक् रुप से कहते हैं ॥१२२॥

अब प्रथम धर्मवंशी आचार्य तथा उनकी पत्नियों के विशेष धर्म कहते हैं - हमारे बडे भाई तथा छोटे भाई के पुत्र (क्रमशः) जो अयोद्याप्रसादजी तथा रघुवीरजी हैं, वे अपने समीप सम्बन्ध रहित स्त्रियों को मंत्र उपदेश कदापि न करें ॥१२३॥

और कभी उन स्त्रियों का स्पर्श न करें तथा न उनके साथ बात करें तथा किसी जीव पर क्रूरता न करें और किसी की धरोहर कदापि न रखें ॥१२४॥

व्यवहार कार्य में किसी को भी जामिनी न करें तथा कोई आपत्काल आ पडे तो भिक्षा से जीवन निर्वाह करके आपत्काल पार करे, परन्तु

किसी से कर्ज तो कदापि न लें ॥१२५॥

अपने शिष्योंने धर्म के निमित्त से जो अन्न दिया हो उसको बेचे नहीं, यदि वह अन्न पुराना हो जाय तो पुराना किसी को देकर नया लेना । इस प्रकार पुराने का नया लेना यह विक्रय नहीं माना जाता ॥१२६॥

और भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी के दिन गणपति की पूजा करें तथा आश्विन कृष्ण चतुर्दशी के दिन हनुमानजी की पूजा करें ॥१२७॥

हमारे आश्रित सभी सत्संगी जनों के धर्म की रक्षा के लिए उन सभी के आचार्य पद पर हमारे द्वारा स्थापित जो दोनों आचार्य अयोध्याप्रसादजी तथा रघुवीरजी वे मुमुक्षु जनों को (भागवती) दीक्षा दें ॥१२८॥

और अपने आश्रित सभी सत्संगी जनोंको अधिकानुसार अपने अपने धर्म में रखें और साधुओ को आदरपूर्वक मानें तथा सच्छास्त्र का अध्ययन आदरपूर्वक करें ॥१२९॥

हमारे द्वारा बडे बडे मंदिरो में संस्थापित श्रीलक्ष्मीनारायणादि श्रीकृष्णके स्वरुपों की सेवा यताविधि करें ॥१३०॥

भगवान् के मंदिर में आये हुए किसी भी अन्नार्थी ऐसे हर एक मनुष्य की अपनी शक्तिकें अनुसार अन्नदान द्वारा आदरपूर्वक संभावना करें ॥१३१॥

और विद्याध्ययन के लिए पाठाशाला स्थापित करके उसमें विद्वान ब्राह्मण को रखकर पृथ्वी पर सद्विद्या का प्रवर्तन करावें क्योंकि विद्यादान से

महान् पुण्य होता है ॥१३२॥

अब अयोध्याप्रसादजी तथा रघुवीरजी, इन दोनों की जो पत्नियाँ हैं वे अपने पति की आज्ञा से स्त्रियों को ही श्रीकृष्ण के मन्त्र का उपदेश करें, परन्तु पुरुषको मन्त्र उपदेश न करें ॥१३३॥

उन दोनों की पत्नियाँ अपने समीप सम्बन्ध रहित पुरुषों का स्पर्श कदापि न करें और उसके साथ बात भी न करें तथा उन्हें अपना मुख भी न दिखावें (इस प्रकार धर्मवंशी आचार्य और उनकी पत्नियों के धर्म कहे गये) ॥१३४॥

अब गृहस्थाश्रमियों के विशेष धर्म कहते हैं - हमारे आश्रित गृहस्थाश्रमी पुरुष अपने समीप सम्बन्ध रहित विधवा स्त्रियों का स्पर्श न करें ॥१३५॥

और वे गृहस्थाश्रमी पुरुष युवा अवस्था युक्त अपनी माता, बहन, एवं पुत्री के साथ भी बिना आपत्काल एकान्त स्थल में न रहें और अपनी स्त्री का दान किसी को न करें ॥१३६॥

और जिस स्त्री का किसी प्रकार के व्यवहार द्वारा राजा से सम्बन्ध हो, ऐसी स्त्री से किसी भी प्रकार के सम्बन्ध न रखें ॥१३७॥

वे गृहस्थाश्रमी अपने घर पर आये हुए अतिथि का अपनी शक्ति के अनुसार अन्नादि से सत्कार करें तथा होमादिक देवकर्म एवं श्राद्ध आदि पितृकर्म अपने सामर्थ्य के अनुसार यथाविधि-जैसे उचिति हो वैसे करें ॥१३८॥

हमारे आश्रित जो गृहस्थ हैं वे माता, पिता, गुरु तथा कोई भी रोगातुर मनुष्य उनकी सेवा जीवन

पर्यन्त अपने सामर्थ्यानुसार करें ॥१३९॥

अपने वर्णाश्रम के योग्य उद्यम अपने सामर्थ्यानुसार करें और कृषिवृत्तिवाले गृहस्थ सत्संगी बैल के वृषण का उच्छेद न करें ॥१४०॥

और वे गृहस्थ सत्संगी अपने सामर्थ्य और समय के अनुसार अपने घर में जितना खर्च-व्यय होता हों उतने अन्न-द्रव्य का संग्रह करें और जिनके घर में पशु हों, वे गृहस्थ अपनी शक्ति के अनुसार घास-चारेका संग्रह करें ॥१४१॥

गाय, बैल, भेंस, घोडे आदि जो पशु, उनको यदि घासपानी द्वारा स्वयं संभाल सकें, तभी उनको रखें, अगर देख-भाल न हो सके तो उन्हे न रखें ॥१४२॥

साक्षि सहित लेख के बिना तो अपने पुत्र

तथा मित्रादिक के साथ भी पृथ्वी और घन के लेन-देन का व्यवहार कदापि न करें ॥१४३॥

और अपने अथवा दूसरे के विवाह सम्बन्धी कार्य में दिये जानेवाले धन के संबंध में साक्षी सहित लेख किये बिना केवल मौखिक वादा न करें ॥१४४॥

अपनी आय के अनुसार ही निरंतर व्यय करें परंतु उससे अधिक व्यय न करें और जो आय से अधिक व्यय करते हैं वे बहुत दुःखी होते है ऐसा सभी गृहस्थ समझें ॥१४५॥

अपने व्यवहारकार्य में जितने धन की आमदनी हो तथा जितना व्यय हो, इन दोनों को याद करके प्रतिदिन सुन्दर अक्षरों में स्वयं उनका हिसाब लिखें ॥१४६॥

और वे गृहस्थाश्रमी सत्संगी अपनी वृत्ति एवं उद्यम से प्राप्त धन-धान्यादि में से दसवाँ हिस्सा निकाल कर श्रीकृष्ण भगवान् को अर्पण करें और जो व्यवहार में दुर्बल हों वे बीसवाँ हिस्सा अर्पण करें ॥१४७॥

ऐकादशी आदि जो व्रत, उनका उद्यापन अपने सामर्थ्यानुसार यथाशास्त्र करें, क्योंकि यह उद्यापन मनोवांछित फल को देनेवाला है ॥१४८॥

श्रावण मास में श्री महादेवजी का पूजन बिल्वपत्रादि द्वारा प्रीति पूर्वक सभी प्रकार से स्वयं करें अथवा अन्य से करावें ॥१४९॥

अपने आचार्यसे तथा श्रीकृष्ण भगवानके मंदिर से कर्ज न लें और अपने आचार्य तथा श्रीकृष्णके मंदिरसे अपने व्यवहार के लिए

बरतन, गहनें एवं वस्त्रादि चीजें माँग कर भी न लावें ॥१५०॥

और श्रीकृष्ण भगवान् अपनें गुरु तथा साधुओं के दर्शन के लिए जाते समय मार्गमें पराया अन्न नहीं खाना तथा श्रीकृष्ण भगवान्, अपने गुरु एवं साधुओंके स्थानों में भी पराया अन्न नहीं खाना, क्योंकि पराया अन्न तो अपने पूण्यको हरनेवाला है। अतः अपना ही धन खर्च करें ॥१५१॥

अपने कामकाजके लिए बुलाये गयें मजदूरोंको जितना धन अथवा धान्य देने का वादा किया गया हों उतना अवश्य दें परंतु उससे कम न दें और अपने पास कोई कर्ज मांगता हों और उस कर्जको यदि चुका दिया हों तो इस बात को गुप्त न रखें तथा

अपना वंश एवं कन्यादान भी गुप्त न रखें तथा दुष्ट लोगों के साथ व्यवहार न करें ॥१५२॥

जिस स्थान में आप रहते हों उस स्थान में यदि दुष्काल, शत्रु अथवा राजा के उपद्रव आदि से सर्वथा अपनी मर्यादा को नाश होता हो या धन का नाश हो या अपने प्राण का नाश होता हो ॥१५३॥

और वह स्थान-गाँव अपनी मूल जागीर तथा वतन का हो तो भी विवेकवान हमारे सत्संगी गृहस्थ उसका त्याग करें और जहां उपद्रव न हो ऐसे अन्य देश-स्थान में जाकर सुखपूर्वक रहें ॥१५४॥

और घनवान् ऐसे जो गृहस्थ सत्संगी है, वे हिंसा-रहित विष्णु सम्बन्धी यज्ञ करें तथा तीर्थ स्थान में एवं द्वादशी आदि पर्व के दिनों में ब्राह्मण तथा साधुओं को भोजन करावे ॥१५५॥

और वे धनवान् गृहस्थ सत्संगी भगवान् के मंदिरो में बडे-बडे उत्सव करावें तथा सुपात्र ब्राह्मणों को विविध प्रकार के दान दें ॥१५६॥

हमारे आश्रित ऐसे जो सत्संगी राजा, वे धर्मशास्त्र के अनुसार अपनी प्रजा का पुत्रवत् पालन करें और पृथ्वी पर धर्म का स्थापन करें ॥१५७॥

वे राजा राज्य के सात अङ्ग, चार उपाय तथा छः गुणों को लक्षण पूर्वक यथार्थ रुप से जानें तथा तीर्थ अर्थात् गुप्तचर भेजने के स्थान, व्यवहार के ज्ञाता सभासद, दण्डनीय मनुष्य तता अदण्डनीय मनुष्य, इन सभी को उनके लक्षणों द्वारा यथार्थरुप से जाने ॥१५८॥

अब सधवा स्त्रोयं के विशेष धर्म कहते हैं- हमारे आश्रित जो सधवा स्त्रियाँ, वे अपना पति अन्ध

हो, रोगी हो, दरिद्र हो, नपुसंक हो, तो भी उसकी ईश्वर के समान ही सेवा करें और उसको कटुवचन न बोलें ॥१५९॥

वे सधवा स्त्रियाँ रुप-यौवन से युक्त तथा गुणवान् ऐसे पर-पुरुष का प्रसंग सहज स्वभाव-अनायास भी न करें ॥१६०॥

और पतिव्रता ऐसी जो सधवा स्त्रियाँ वे अपनी नाभी, जांघ और वक्षःस्थल अन्य पुरुष को दिखाई दें ऐसे ढंग से न रहें और बिना उत्तरीय वस्त्र खुले शरीर में न रहें तथा भांडलीला आदि देखने न जायँ और निर्लज्ज स्वैरिणी, कामिनी, और पुंश्चली (कुलटा) आदि स्त्रियों का संग न करें ॥१६१॥

वे सधवा स्त्रियाँ जब अपना पति विदेश गया हो तब आभूषण धारण न करें तथा सुन्दर वस्त्र

परिधान न करें और पराये घर बैठने न जायँ तथा हास्य-विनोद आदि का त्याग करें ॥१६२॥

अब विधवा स्त्रियों के विशेष धर्म कहते हैं- हमारे आश्रित जो विधवा स्त्रियाँ, वे पतिबुद्धि से श्रीकृष्ण भगवान् की सेवा करें और अपने पिता-पुत्रादि सम्बन्धीजनों की आज्ञानुसार ही रहें परन्तु स्वतन्त्रता से आचरण न केरं ॥१६३॥

और वे विधवा स्त्रियाँ अपने निक सम्बन्धरहित पुरुषों का स्पर्श कदापि न करें और अपनी युवावस्था में बिना आवश्यक कार्य, समीप सम्बन्ध रहित, युवान पुरुषों के साथ कदापि बातचीत न करें ॥१६४॥

दूध पीते बच्चे को छूने में तो जैसे पशु को छूने में दोष नहीं हैं ठीक उस प्रकार दोष नहीं हैं

तथा किसी आवश्यक कार्य के लिए किसी वृद्ध पुरुष का स्पर्श करना पडे तथा उसके साथ बोलना पडे तो उसमें दोष नहीं हैं ॥१६५॥

वे विधवा स्त्रियाँ अपने समीप सम्बन्ध रहित पुरुष से कोई भी विद्या न सीखें, और व्रत-उपवास आदि द्वारा बारबार अपने देह का दमन किया करें ॥१६६॥

और उन विधवा स्त्रियों के घर में यदि अपने जीवन पर्यन्त देह निर्वाह हो सके उतना ही धन हो तो वे उस धन का धर्म-कार्य के लिए भी दान न करें, अगर उससे अधिक हो तो दान करें ॥१६७॥

और विधवा स्त्रियाँ एक बार ही भोजन करें तथा पृथ्वी पर ही शयन करें तथा मैथुनासक्त

पशु पक्षी आदि जीव प्राणी मात्र को कदापि न देखें ॥१६८॥

वे विधवा स्त्रियां सुहागिनी स्त्री के समान वेष धारण न करें तथा संन्यासिनी एवं वैरागिनी जैसा वेष धारण न करें और विकृत-अपने देश, कुल और आचार के विरुद्ध-वेष भी कदापि धारण न करें ॥१६९॥

और गर्भपातिनी स्त्री का संग न करें और उसका स्पर्श भी न करें तथा पुरुष के शृङ्गार सम्बन्धी वार्ता कदापि न करें एवं न सुनें ॥१७०॥

और युवावस्था में रही ऐसी जो विधवा स्त्रीयाँ वे युवावस्थावाले अपने सम्बन्धी पुरुषों के साथ भी बिना आपत्काल एकान्त स्थल में न रहें ॥१७१॥

और होली न खेलें, आभूषणादिको धारण न करें तथा सुवर्णादि धातु के तारो से युक्त मलीन वस्त्रों को भी कदापि धारण न करें ॥१७२॥

सधवा तथा विधवा स्त्रियाँ बिना वस्त्र पहने स्नान न करें और अपने रजस्वलापन को किसी भी प्रकार से गुप्त न रखें ॥१७३॥

रजस्वला ऐसी सधवा तथा विधवा स्त्रियाँ, तीन दिन तक किसी मनुष्य का या वस्त्रादि का स्पर्श न करें, चौथे दिन स्नान करके ही स्पर्श करें। (इस प्रकार गृहस्थाश्रमी पुरुष तथा स्त्रियों के जो विशेष धर्म कहे गये, उनका सभी धर्मवंशी आचार्य तथा उनकी पत्नियाँभी पालन करें क्योंकि वे भी गृहस्थ हैं) ॥१७४॥

अब नैष्ठिक ब्रह्मचारियों के विशेष धर्म कहते

है - हमारे आश्रित नैष्ठिक ब्रह्मचारी स्त्री मात्र का स्पर्श न करें और स्त्रियों के साथ बोले नहीं और बुद्धिपूर्वक तो स्त्रियों की और देखे भी नहीं ॥१७५॥

और उन स्त्रियों के बारेमें कदापि चर्चा न करें और न सुनें तथा जिस स्थान में स्त्रियों का पद-संचार हो उस स्थान में स्नानादि क्रिया करने के लिए भी न जायँ ॥१७६॥

देवता की प्रतिमा के बिना दूसरी स्त्री की प्रतिमा जो चित्रित या काष्ठादि से निर्मित हो तो भी उसका स्पर्श न करें और बुद्धिपूर्वक उसि प्रतिमा को देखें भी नहीं ॥१७७॥

और वे नैष्ठिक ब्रह्मचारी स्त्रीकी प्रतिमा की रचना कदापि न करें तथा स्त्री द्वारा अपने शरीर पर धारण किये गये वस्त्र का स्पर्श न करें और

मैथुनासक्त पशुपक्षी आदि प्राणिमात्र को जान बूजकर न देखें ॥१७८॥

स्त्री-वेश को धारण करने वाले पुरुष का स्पर्श न करें, उसकी और देखे भी नहीं और उसके साथ बोले भी नहीं और स्त्रियों को उद्देश करके भगवान की कथा, वार्ता, कीर्तन आदि भी न करें ॥१७९॥

और वे नैष्ठिक ब्रह्मचारी जिससे अपने नैष्ठिक व्रत का भंग होता हो, ऐसा वचन अपने गुरु का हो तो भी उसको न माने और निरंतर धर्यवान् रहें तथा संतोषयुक्त रहें एवं मान-अभिमान रहित रहें ॥१८०॥

हठात् अपने अत्यंत समीप आनेवाली स्त्री से बोलकर अथवा उसका तिरस्कार करके भी उसे लौटा दें परन्तु समीप कदापि न आने दें ॥१८१॥

यदि कदाचित् स्त्रियों के अथवा अपने प्राण संकट में पड जायँ, ऐसे आपत्काल के समय पर तो स्त्रियों का स्पर्श करके अथवा उनके साथ बोलकर भी उस स्त्रियों की रक्षा करें तथा अपनी भी रक्षा करें ॥१८२॥

और वे नैष्ठिक ब्रह्मचारी अपने शरीर पर तेल मर्दन न करें तथा आयुध धारण न करें और भयंकर वेश भी धारण न करें तथा रसना इन्द्रिय को वश में करें ॥१८३॥

जिस ब्राह्मण के घर पर स्त्री परोसने वाली हो उस घर पर भिक्षा के लिए न जायँ किन्तु जहाँ पुरुष परोसने वाला हो वहाँ जायँ ॥१८४॥

वे नैष्ठिक ब्रह्मचारी वेदशास्त्रों का अध्ययन करें तथा गुरु की सेवा करें और स्त्रियों के

समान ही स्त्रैण पुरुषों के संग का भी सर्वदा त्याग करें ॥१८५॥

और जाति से जो ब्राह्मण हो वे चमडे के पात्र से निकाला हुआ पानी कदापि न पिये तथा प्याज और लसुन आदि अभक्ष्य चीजों का भक्षण किसी भी प्रकार से न करें ॥१८६॥

जो ब्राह्मण हो वे स्नान, संध्या, गायत्री का जप, श्री विष्णु पूजा तथा वैश्वदेव, इतना किये बिना भोजन कदापि न करें । (इस प्रकार नैष्ठिक ब्रह्मचारी के धर्म कहे गये) ॥१८७॥

अब साधु के विशेष धर्म कहते हैं – हमारे आश्रित सभी साधु, नैष्ठिक ब्रह्मचारी की भाँति ही स्त्रियों के दर्शन-भाषण आदि प्रसंग का त्याग करें तथा स्त्रैण पुरुष के प्रसंगादि का त्याग करें और

काम, क्रोध, लोभ एवं मान ईत्यादि अंतःशत्रुओं को जीतें ॥१८८॥

और वे सभी ईन्द्रियों को वश में करें और रसना ईन्द्रिय को तो विशेषरुप से वश में करें । द्रव्य का संग्रह न तो स्वयं करे न तो अन्य के पास करावें ॥१८९॥

किसी की भी धरोहर न रखें और कदापि धैर्य का त्याग न करें, और अपने आवास-स्थान में स्त्री का प्रवेश कदापि न होने दें ॥१९०॥

वें साधु आपत्काल के बिना रात्रि के समय संघसाथी के सिवा कदापि न चलें और आपत्काल के बिना कदापि अकेले न चलें ॥१९१॥

और जो वस्त्र बहु मूल्यवान हों, चित्र-विचित्र चित्रों से युक्त हो तथा कुसुम्भी आदि रंगो

से रंगा हुआ हो तथा शाल-दुशाला हो और अगर वह अन्य की इच्छा से अपने को प्राप्त हुआ हो तो भी उसको धारण न करें ॥१९२॥

और भिक्षा तथा सभाप्रसंग, इन दो कार्यो के सिवा गृहस्थ के घर पर न जायँ और भगवान् की नव प्रकार की भक्ति बिना व्यर्थ काल न बितावे, निरंतर भक्ति करके ही समय व्यतीत करें ॥१९३॥

और जिस गृहस्थ के घर पर पकाये हुए अन्न को परोसने वाला पुरुष ही हो तथा स्त्रियों के दर्शनादि का प्रसंग किसी भी प्रकार से न हो ॥१९४॥

ऐसे गृहस्थ के घर पर हमारे साधु भोजन के लिए जायँ और ऊपर कहे अनुसार यदि न हो तो कच्चा अन्न माँगकर अपने हाथ से भोजन

बनाकर भगवान को नैवेद्य समर्पित करके भोजन करें ॥१९५॥

पूर्व काल में ऋषुभदेव भगवान् के पुत्र भरतजी जिस प्रकार पृथ्वी पर जड ब्राह्मण के समान आचरण करते थें ठीक उसी प्रकार परमहंस ऐसे जो हमारे साधु वे आचरण करें ॥१९६॥

और वे नैष्ठिक ब्रह्मचारी एवं साधु ताम्बूल, अफीण तथा तम्बाकू इत्यादि के भक्षण का प्रयत्नपूर्वक त्याग करें ॥१९७॥

और वे नैष्ठिक ब्रह्मचारी एवं साधु गर्भाधान आदि संस्कार प्रसंग पर भोजन न करें तथा एकादशाह पर्यन्त जो प्रेत श्राद्ध उसके प्रसंग पर तथा द्वादशाह श्राद्ध में भी भोजन न करें ॥१९८॥

रोगादि आपत्काल के बिना दिन में निद्रा न करें और ग्राम्यवार्ता न करें और जान-बूझकर सुने भी नहीं ॥१९९॥

वे नैष्ठिक ब्रह्मचारी तथा साधु रोगादि आपत्काल के बिना चारपाई पर कभी न सोयें और साधुओं के आगे निरंतर निष्कपट भाव से आचरण करें ॥२००॥

और उन साधु तथा ब्रह्मचारी को यदि कोई दुष्टमतिवाले दुर्जन गाली दें अथवा मार मारे तो उसे सहन ही करें परन्तु उसके प्रतिकार में गाली न दें, मारे भी नहीं तथा जिस प्रकार उसका कल्याण हो वैसा ही मनमें चिंतन करें परन्तु उसका बुरा हो ऐसा संकल्प भी न करें ॥२०१॥

और किसी का दूत-कार्य न करें तथा चुगल-खोरी भी न करें और किसी के चारचक्षु न बनें (जासूसी न करें) तथा देह में बुद्धि और स्वजनादि में ममत्वबुद्धि न रखें (इस प्रकार साधु के विशेष धर्म कहे गयें) ॥२०२॥

इस प्रकार हमने अपने आश्रित सत्संगी-स्त्री, पुरुष सभी के सामान्य धर्म तथा विशेष धर्म संक्षेप से लिखे हैं, इन धर्मोका विस्तार हमारे सम्प्रदाय के अन्य ग्रंथो द्वारा जानना ॥२०३॥

हमने अपनी बुद्धि से सभी सच्छास्त्रों का सारांश निकाल कर यह शिक्षापत्री लिखी हैं, वह कैसी हैं ? तो मनुष्यमात्र को अभीष्ट-मनोवांछित फल देने वाली हैं ॥२०४॥

इसलिए हमारे आश्रित सभी सत्संगी सावधानी से निरंतर इस शिक्षापत्री के अनुसार ही आचरण करें परन्तु अपनी इच्छानुसार कदापि आचरण न करें ॥२०५॥

और हमारे आश्रित जो पुरुष व स्त्रियाँ इस शिक्षापत्री के अनुसार आचरण करेंगे वे निश्चय धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, इन चारों पुरुषार्थो की सिद्धिको प्राप्त करेंगे ॥२०६॥

जो स्त्री-पुरुष इस शिक्षापत्री के अनुसार आचरण नहीं करेंगे वे हमारे सम्प्रदाय से बाहर हैं, ऐसा हमारे सम्प्रदाय वाले स्त्री-पुरुष समझें ॥२०७॥

और हमारे आश्रित सत्संगी इस शिक्षापत्री का प्रतिदिन पाठ करें और जो अनपढ हों वे आदरपूर्वक इस शिक्षापत्री का श्रवण करें ॥२०८॥

इस शिक्षापत्री को पढकर सुनानेवाला कोई न हो तब प्रतिदिन इस शिक्षापत्री की पूजा करें और यह हमारी वाणी, हमारा स्वरुप हैं, ऐसा समझकर इसे परम आदरपूर्वक मानें ॥२०९॥

हमारी इस शिक्षापत्री को दैवी संपत्ति से युक्त मनुष्य को ही देना किन्तु आसुरी संपत्ति से युक्त मनुष्य को कदापि नहीं देना ॥२१०॥

संवत १८८२ अठारह सौ बयासी के माध शुक्ल पञ्चमी के दिन (बसन्त पञ्चमी के दिन हमने यह शिक्षापत्री लिखी हैं जो परम कल्याणकारी हैं ॥२११॥

निजाश्रितानां सकलार्तिहन्ता सधर्मभक्तेंरवनं विधाता ।
दाता सुखानां मनसेप्सितानां तनोतु कृष्णोऽलिखमङ्गलं नः ॥२१२॥

अपने आश्रति भक्तजनों की समग्र पीडाको

